**पुणा International School**

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| SA-2 QUESTION BANK – [2022-23] | | |
|---|---|---|
| GRADE : II | | SUB : HINDI |
| NAME- | ROLL NO.- | DATE- |

प्र – १ दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।



एक कुत्ता भूखा था । वह कई घरों के दरवाज़े पर गया । पर उसे कहीं से कुछ न मिला । आखिर में उसे एक रोटी का टुकड़ा दिखा । उसने रोटी का टुकड़ा उठा लिया । वह उस टुकड़े को लेकर एकांत में खाने के लिए एक छोटी सी नदी के पास गया ।

प्रश्न – क कुत्ता कैसा था ?

उत्तर – कुत्ता भूखा था ।

प्रश्न – ख कुत्ता कहाँ गया ?

उत्तर – कुत्ता कई घरों के दरवाज़े पर गया ।

प्रश्न – ग आखिर में कुत्ते को क्या दिखा ?

उत्तर – आखिर में कुत्ते को एक रोटी का टुकड़ा दिखा ।

प्रश्न – घ रोटी खाने के लिए कुत्ता कहाँ गया ?

उत्तर – एक छोटी सी नदी के पास गया ।

प्रश्न – च घर का समानार्थी शब्द लिखिए ।

उत्तर – मकान ।

- दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।



- चिंटू और पिंटू दो भाई थे । दोनों ने कुछ पशु - पक्षी पाल रखे थे । एक दिन उनके मम्मी पापा किसी शादी में गए हुए थे । वे अकेले थे । उन्होंने सभी के पिंजरे खोल दिए । चिड़िया और चिड़ा भी बहुत चहचहाए । ऐसा लगा मानों बहार आ गई हो ।

**प्रश्न - क** चिंटू और पिंटू कौन थे ?

उत्तर - चिंटू और पिंटू दो भाई थे ।

**प्रश्न - ख** दोनों ने क्या पाल रखे थे ?

उत्तर - दोनों ने कुछ पशु - पक्षी पाल रखे थे ।

**प्रश्न - ग** उनके मम्मी पापा कहाँ गए हुए थे?

उत्तर - उनके मम्मी पापा किसी शादी में गए हुए थे ।

**प्रश्न - घ** उन्होंने क्या किया ?

उत्तर - उन्होंने सभी के पिंजरे खोल दिए ।

**प्रश्न - च** चिड़िया का लिंग परिवर्तन लिखो ।

उत्तर - चिड़िया - चिड़ा

**प्र -२ विलोम शब्द लिखिए ।**

| | |
|---|---|
| राजा - रंक | अमीर - गरीब |
| सुःख - दुःख | नया - पुराना |
| स्वस्थ - अस्वस्थ | कोमल - कठोर |
| सज्जन - दुर्जन | धनी - निर्धन |
| सच्चा - झूठा | पाप - पुण्य |

अपना - पराया

रोगी - निरोगी

प्र -३ एकवचन से बहुवचन लिखिए ।

रात - रातें
थैला - थैले
गुड़िया - गुड़ियाँ
माला - मालाएँ
लड़की - लड़कियाँ
घोड़ा - घोड़े
पेंसिल - पेंसिलें
चिड़िया - चिड़ियाँ
लता - लताएँ

प्र - ४ लिंग परिवर्तन कीजिए ।

चूहा - चुहिया
मोर - मोरनी
लुहार - लुहारिन
पिता - माता
हंस - हंसिनी
पति - पत्नी
नाग - नागिन
नौकर - नौकरानी
पुत्र - पुत्री
राजा - रानी

प्र - ५ मुहावरे

- कान भरना - चुगली करना
- हाथ मलना - पछताना
- भाग्य चमकना - अच्छे दिन आना

आँखे दिखाना - गुस्सा होना

- आँख लगना - नींद लगना
- ईद का चाँद होना - बहुत दिनों बाद दिखाई देना

प्र - ६ उचित शब्द लिखिए ।

१ शिमला का मौसम -------- है । ( <u>ठंडा</u>, ठंडी )

२ रोहन रोज स्कूल -------- है । ( <u>जाता</u>, जाती )

३ इमली -------- है । ( <u>खट्टी</u>, खट्टा )

४ सीमा हँस ------- है । ( रहा, <u>रही</u> )

५ मेरा भाई दिल्ली में ------- है । ( <u>पढ़ता</u>, पढ़ती )

६ गाय दूध ------- है । ( देता, <u>देती</u> )

प्र -७ सही या गलत का निशान लगाइए ।

१ सारंगी चखने पर मीठी थी । ( x )

२ सारंगी की आवाज़ सुनकर सब गाँव वाले इकट्ठे हो गए । ( √ )

३ बुलबुल उड़ नहीं पाती । ( x )

४ बुलबुल दूसरों के घोंसलों में अंडे देती है । ( x )

५ छोटा बाघ जंगल में जाना चाहता था । ( x )

६ बस के भीतर से घर्र - घर्र की आवाज़ आ रही थी । - ( √ )

७ चूहे ने राजा की नाक कुतरने की बात कही । - ( x )

८ सभी दोस्त चूहे से उसकी कहानी सुनना चाहते थे । - ( √ )

९ दोक्की को गाय ने सींग मारा था । - ( √ )

१० एक्की बहुत घमंडी थी । - ( x )

प्र - ८ दिए गए शब्दों से खाली जगह भरिए ।

१) बुलबुल --------- के पेड़ पर कीड़े ढूँढ़कर खाती है । ( पीपल , आम)

२) घोंसला अंदर से --------- जैसा दिखता है । (थाली , कटोरी)

३) चूहा टोपी पर -------- लगवाना चाहता था । (सितारे , फुँदने)

४) बलबुल की आवाज़ ---------- होती है । (ऊँची , नीची )

५) चूहे को दर्जी पर ----------आ गया । (तरस, गुस्सा )

६) बस --------- पर खड़ी थी । (सड़क, किनारे)

७) सामने से एक ----------आ रही थी । (बस साइकिल)

८) सारंगी वाले ने सारंगी पर ---- ---- चढ़ाई । (खोली, झोली )

९) भोला ने --------- को गाँव से दूर ले जाकर फेंक दिया । ( सारंगी, सितार )

१०) छोटे बाघ को लगा कि लोग उसे ---------- चाहते है । ( हँसाना, भगाना )

प्र -९ शब्दार्थ लिखिए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सरल - | आसान | तरीका - | उपाय |
| सिरा - | किनारा | बगीचा - | बाग |
| शरीर - | तन | कला - | हुनर |
| खाक - | राख | भीतर - | अंदर |
| चैन - | राहत | आवाज - | शोर |
| तेज़ी - | जल्दी | घबराना - | अधीर होना |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दुबकना | - | छिपना | आइना | - | शीशा |
| बेवकूफ़ | - | मूर्ख | रौब | - | दबदबा |
| जंगल | - | वन | चुल्लू | - | अंजलि |

**प्र -१० प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

**प्रश्न - ४ गाँव में कौन आया ?**

उत्तर - ४ गाँव में एक सारंगीवाला आया ।

**प्रश्न - ६ सारंगी वाला और गाँव के लोग दुःखी क्यों हुए ?**

उत्तर - ६ सारंगी अपनी जगह पर ना मिलने पर सारंगीवाला और लोग दुःखी हुए ।

**प्रश्न - ७ बस के नीचे पहुँचकर छोटे बाघ को अच्छा क्यों नहीं लगा ?**

उत्तर - ७ क्योंकि बाघ बस के भीतर जाना चाहता था ।

**प्रश्न - ८ छोटा बाघ कहाँ खेल रहा था ?**

उत्तर - ८ छोटा बाघ जंगल में खेल रहा था ।

**प्रश्न - ९ बस की आगे की सीट पर कौन बैठा था?**

उत्तर - ९ बस की आगे की सीट पर दो छोटी लड़कियाँ बैठी थी।

**प्रश्न - १० दर्जी चूहे की किस बात से डर गया ?**

उत्तर - १० दर्जी चूहे की कपड़े कुतरने की बात से डर गया ।

**प्रश्न - ११ दर्जी ने चूहे के लिए क्या सिला ?**

उत्तर - ११ दर्जी ने चूहे के लिए टोपी सिली ।

**प्रश्न - १२ चूहा कहाँ बैठना चाहता था ?**

उत्तर - १२ चूहा राजा की गद्दी पर बैठना चाहता था ।

**प्रश्न - १३ एक्की और दोक्की किसके साथ रहती थी?**

उत्तर - १३ एक्की ओर दोक्की अपने अम्मा और बाबा के साथ रहती थी।

**प्रश्न - १४ एक्की को कहाँ आकर बहुत अच्छा लगा ?**

उत्तर - १४ एक्की को झोंपड़ी में आकर बहुत अच्छा लगा ।

**प्रश्न - १५ एक्की ने गाय को क्या खिलाया ?**

उत्तर - १५ एक्की ने गाय को घास खिलाया ।